कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23.01.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//
गर्ल्स कॉलेज में नेताजी सुभाष जयंती मनायी गई

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इतिहास विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर श्री कमुन वर्मा, अतिथि प्राध्यापक इतिहास, डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई-3 मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आज का दिन पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। नेताजी ने आजादी के संघर्ष में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने बताया कि नेताजी ने ही सबसे पहले गाँधीजी को राष्ट्रपिता कहा था। उन्होनें अण्डमान निकोबार द्वीप को स्वराज द्वीप एवं शहीद द्वीप का नाम दिया।

मुख्य वक्ता श्री कमुन वर्मा ने नेताजी के सम्पूर्ण जीवन एवं उनकी आजाद हिन्द फौज पर विस्तार से बताया। आजाद हिन्द फौज की स्थापना से लेकर नेताजी की आकस्मिक मृत्यु पर प्रकाश डाला, इसके साथ ही उन्होनें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी शंकाओं का समाधान भी किया।

कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. ऋचा ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राध्यापक श्री लावेन्द्र कुमार साहू ने किया।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

नेताजी सुभाष जयंती मनायी गई